## न्यूज डायरी



### यूक्रेन विमान दुर्घटना जांच में कनाडा ने औपचारिक रूप से शामिल करने की मांग की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा के परिवहन मंत्री ने बुधवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन की अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन के एक विमान के तेहरान में पिछले सप्ताह दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच में औपचारिक रूप से शामिल होना चाहता है। बता दें कि तेहरान कई दिनों तक पश्चिमी देशों के इन दावों को खारिज करता रहा कि बोइंग 737 को उसने मिसाइल से मार गिराया गया था। पिछले शनिवार को दुर्घटनावश मार गिराने की बात उसने स्वीकार की थी। विमान दुर्घटना जांच में शामिल होना चाहता है कनाडा विमान में सवार सभी 176 यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। इनमें से 138 लोग कनाडा जा रहे थे और 57 कनाडाई थे।

### इमरान खान के मंत्री ने टीवी शो में निकाला फौजी बूट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सरकार में मंत्री फैसल वावदा एक टीवी शो में बहस के दौरान उत्तेजित हो गए और फौजी बूट निकाल दिया। इमरान के मंत्री के इस व्यवहार की विपक्षी पार्टियां तो आलोचना कर ही रही हैं, सोशल मीडिया पर भी ट्रोल हो गए हैं। इमरान की सरकार में जल संसाधन मंत्री विपक्षी दलों पर निशाना साधने के लिए बूट लेकर पहुंचे थे। पाकिस्तान में आर्मी ऐक्ट संशोधन कानून को लेकर टीवी डिबेट का आयोजन था। इस कानून के जरिए पाक आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा का कार्यकाल तीन साल बढ़ाया गया है। एक टीवी शो के दौरान वादवा नवाज शरीफ और उनकी पार्टी पर हमलावर थे। इस दौरान उन्होंने पूर्व पीएम की आलोचना करते हुए कहा कि बेशर्म लोग किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पीएमएल (एन) के सदस्य जावेद अब्बासी और पीपीपी नेता कमर जमान काएरा भी इस शो में बतौर गेस्ट आए थे। इसी दौरान बहस बढ़ गई और इमरान के मंत्री ने जूता निकाल लिया।

### भारत–चीन सीमा पर ट्रंप के खराब ज्ञान की वजह से मोदी हतप्रभ रह गए: किताब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दफा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने यह कहकर उन्हें हैरान कर दिया था कि भारत और चीन के बीच कोई सीमा नहीं है। इससे ट्रंप के ''खराब'' भौगोलिक ज्ञान का पता चला। इस तरह के अनेक किस्से पुलित्जर पुरस्कार जीत चुके दो अमेरिकी पत्रकारों की नयी पुस्तक में हैं।वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को खबर प्रकाशित की कि फिलिप रुकर और कैरोल डी लियोनिंग की 417 पन्नों की किताब 'ए वैरी स्टेबल जीनियस' में राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप के पहले तीन साल की ऐसी अनेक घटनाएं अंकित हैं। कारोबार से राजनीति में आए ट्रंप ने 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव जीता और 20 जनवरी, 2017 को उन्होंने पद संभाला। हालांकि वाशिंगटन पोस्ट में वो साल नहीं बताया गया है जब राष्ट्रपति ट्रंप ने ये टिप्पणियां कीं।

### रूस के प्रधानमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस के प्रधानमंत्री दिमित्रि मेदवेदेव ने अपनी पूरी कैबिनेट के साथ इस्तीफा दे दिया है। रूस की न्यूज एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति पुतिन ने मेदवेदेव को शुक्रिया कहा लेकिन उनके मुताबिक प्रधानमंत्री लक्ष्यों को हासिल करने में सफल नहीं हुए हैं। दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि राष्ट्रपति पुतिन की तरफ से संविधान को बदलने का प्रस्ताव है और इसलिए मौजूदा सरकार ने इस्तीफा दे दिया। मेदवेदेव को सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बना दिया गया है। वह साल 2012 से रूस के प्रधानमंत्री हैं और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब रहकर कमा करते रहे हैं। वह 2008 से 2012 तक रूस के राष्ट्रपति थे। पुतिन ने मेदवेदेव की कैबिनेट से कहा है कि नई कैबिनेट बनते तक वे लोग काम करते रहें। बता दें कि प्रधानमंत्री ने बुधवार को राष्ट्रपति पुतिन द्वारा देश को संबोधित किए जाने के बाद इस्तीफा दिया है। अपने भाषण के दौरान राष्ट्रपति ने संविधान में संशोधन का प्रस्ताव रखा है।

# इमरान खान को भारत आने का न्योता देगी मोदी सरकार

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रविश कुमार ने इसकी पुष्टि की

**मेजबानी**

■साल के आखिर में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन की मेजबानी भारत करेगा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को भारत आने का न्योता भेजा जाएगा इस साल के आखिर में होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन की मेजबानी भारत करेगा, लिहाजा सदस्य देश के राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते मोदी सरकार इमरान खान को भी इस बैठक में शामिल होने के लिए न्योता भेजेगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रविश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। दोनों देशों के बीच बातचीत बंद होने के बाद यह पहला ऐसा मौका होगा, जब इमरान खान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी एक कार्यक्रम में साथ आ सकते हैं। आमतौर पर एससीओ में सरकारों के प्रमुखों की मीटिंग में विदेश मंत्री हिस्सा लेते हैं। हालांकि, कुछ देशों के प्रधानमंत्री भी इसमें हिस्सा लेते हैं। भारत की बात की जाए तो उसकी तरफ से सरकारों के प्रमुखों की बैठक में विदेश मंत्री हिस्सा लेते हैं, जबकि एससीओ राष्ट्रप्रमुखों की मीटिंग में प्रधानमंत्री शिरकत करते हैं। क्योंकि पाकिस्तान भी एससीओका सदस्य है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि उसकी तरफ से कौन भारत आता है।

हालांकि, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान बैठक में भाग लेते हैं या नहीं, इस बारे में अंतिम निर्णय इस्लामाबाद लेगा। बता दें कि इस साल के अंत तक शंघाई सहयोग संगठन का सालाना बैठक आयोजित किया जाएगा। भारत और पाकिस्तान दोनों जून 2017 में एससीओ के पूर्ण सदस्य बने थे।

**फैसला पाकिस्तान ही करेगा:** पाकिस्तानी पीएम के भारत दौरे पर आने का फैसला पूरी तरह पाकिस्तान पर रहेगा। लेकिन श्प्रोटोकॉल के तहत पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को भी आमंत्रण भेजा जाएगा। ऐसे में पाकिस्तान पीएम की जगह किसी प्रतिनिधि को भी सम्मेलन में भेज सकता है।

**नवाज शरीफ ने किया था भारत दौराः** इससे पहले भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भारत का दौरा कर चुके हैं। वर्ष 2014 में पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ भारत आए थे। उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार चुनाव जीत कर केंद्र की सत्ता में पहुंचे थे। उन्होंने अपने शपथ ग्रहण के मौके पर सार्क देशों के सभी राष्ट्राध्यक्षों का न्योता भेजा था।

इसके बाद से पाक का कोई भी पीएम भारत के दौरे पर नहीं आया है। इससे पहले भारत साल 2005 में एससीओ में बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुआ था। जून 2017 में भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों को संगठन में पूर्ण सदस्य्य के तौर पर जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## मलीहा लोधी ने लंदन में नवाज शरीफ से मुलाकात की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व स्थाई प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने लंदन में अपना इलाज करा रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात की। मलीहा ने उनकी सेहत की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। द न्यूज इंटरनैशनल ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि लोधी बुधवार दोपहर शरीफ के एवनफील्ड अपार्टमेंट पहुंचीं और लगभग एक घंटा वहां रुकीं। सूत्र ने आगे कहा कि इस दौरान राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लोधी ने शरीफ की पत्नी कुलसुम नवाज के निधन पर शोक व्यक्त किया। कैंसर से पीड़ित कुलसुम नवाज का सितंबर 2018 में लंदन में निधन हो गया था। सूत्र ने कहा, 'यह शरीफ के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सिर्फ शिष्टाचार भेंट थी।' पिछले सप्ताह अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने भी एवनफील्ड में शरीफ से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ की थी। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की एक तस्वीर वायरल हुई है जिसमें वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ लंदन के एक रेस्तरां में बैठे हैं। उनकी इस तस्वीर के बाद विपक्ष ने उनके स्वास्थ्य को लेकर सवाल किया है।



### ट्रंप पर महाभियोग की कार्यवाही का प्रस्ताव सीनेट को सौंपा गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही बुधवार को अमेरिका के ऊपरी सदन सीनेट को भेज दी गई। निचले सदन में चल रही महाभियोग की कार्यवाही को ऊपरी सदन सीनेट भेजने के पक्ष में सांसदों ने मतदान किया था। सीनेट में कार्यवाही चलाए जाने के पक्ष में 228 सांसदों ने जबकि विपक्ष में 193 सांसदों ने वोट दिया था। महाभियोग को रिपब्लिकन–नियंत्रित सीनेट भेजे जाने से पहले अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैन्सी पैलोसी ने इसके तहत लगाए गए आरोपों पर हस्ताक्षर किए थे।

# अमेरिका से वार्ता, तालिबान सीजफायर के लिए राजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काबुल। तालिबान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता बढ़ने की अब कुछ उम्मीद फिर नजर आ रही है। डेली मेल में प्रकाशित खबर के अनुसार, हबीबतुल्लाह अकहुंद ने सात से 10 दिनों के लिए सीजफायर पर सहमति दे दी है। तालिबान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अफगानिस्तान में युद्ध के अंत और शांति समझौते की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए संक्षिप्त समय के लिए सीजफायर पर सहमति बनी है।

अमेरिका के विशेष दूत जलमय खलीलजाद भी तालिबान के साथ

**तालिबान 10 दिनों के सीजफायर पर तैयार**

सीजफायर लागू करने के लिए लगातार कोशिस कर रहे थे। पिछले महीने ही कतर में हुई मुलाकात के बाद तालिबान के साथ यह संक्षिप्त समझौता हो सका।

बता दें कि तालिबान ने पिछले महीने काबुल के उत्तरी हिस्से में बगराम के एयरफील्ड पर हमला किया था जिसमें 70 लोगों की मौत हो गई। इस हिंसक हमले के बाद कतर में तालिबान के नेताओं से अमेरिकी दूत की मुलाकात हुई थी।

**तालिबान काउंसिल ने लिया फैसलाः** तालिबान की लीडरशिप काउंसिल ने सीजफायर पर सहमत होने से पहले दो उच्चस्तरीय बैठक कीं। इस बैठक में खलीलजाद के प्रस्ताव पर काफी चर्चा हुई जिसके बाद सात से 10 दिनों के लिए सीजफायर पर सहमति बनी।

तालिबान से जुड़े एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया कि काफी विचार–विमर्श के बाद काउंसिल के ज्यादातर सदस्य सीजफायर मानने के लिए सहमत हो गए। कतर प्रशासन तालिबान के फैसले की जानकारी अब अमेरिकी दूत खलीलजाद को देगा। इस प्रस्ताव पर अगर खलीलजाद की ओर से सहमति की पुष्टि की जाती है तो औपचारिक तौर पर इसका ऐलान किया जाएगा।

### जांच के लिए डॉनल्ड ट्रंप ने ऐपल से मांगा सहयोग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लास ऐंजिलिस। फ्लॉरिडा के नेवी बेस पर हुए आतंकी हमले में राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप आतंकियों के आईफोन की जांच कराना चाहते हैं। फ्लॉरिडा नेवी बेस पर 6 दिसंबर को हुए हमले की जांच के लिए राष्ट्रपति ने ऐपल कंपनी से सहायता मांगी है। ट्रंप ने ट्वीट कर कहा कि हमने ऐपल कंपनी को व्यापार और दूसरे मुद्दों पर सहायता की है। हम चाहते हैं कि कंपनी अब हमारी सहायता करे। राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्वीट किया, श्अमेरिकी सरकार ने ऐपल की व्यापार और दूसरे मुद्दों पर सहायता की है। अब बदले में क्यूपर्टिनो, कैलिफॉर्निया के तकनीक कंपनी को अपराधी तत्वों के फोन अनलॉक करने में सहायता करनी चाहिए।श प्रेजिडेंट ट्रंप और ऐपल के सीईओ टिम कुक के बीच का रिश्ता काफी अलग है। इस रिश्ते के बदौलत ट्रंप चीन के साथ एक ट्रेड डील करने में कामयाब रहे जिसने ऐपल के कई बिलियन डॉलर बचाए। ट्रंप और ऐपल कंपनी के बीच ऐसे संबंधों के बाद भी सरकारी अधिकारियों का दावा है कि कंपनी से पूरा सहयोग नहीं मिल रहा है। इससे डिवाइस का बैकअप डेटा जुटाया जा सकता है।